# कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी बलौदाबाजार (छ.ग.)

दूरभाष : 07727-223525, ईमेल आई.डी.–cgayushbalodabazar@gmail.com

क्रमांक / स्था. / सी.भ. / 2023 / 535-39 बलौदाबाजार, दिनांक 16 / 05 / 2023

## / / विज्ञापन / /

छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन का परिपत्र क्र. एफ13–1 / 2023 / आ.प्र. / 1–3 नवा रायपुर, दिनांक 03.05.2023 तथा संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक 23–2 / 1 / स्था / अराज / 2023 / 1675 नवा रायपुर, दिनांक 12.05.2023 में दिये गये निर्देशानुसार चतुर्थ श्रेणी सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु निर्धारित प्रारूप में दिनांक 31.05.2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। रिक्तियों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| पदनाम | – | चौकीदार (केवल पुरूष) |
| पद संख्या | – | 01 (अनारक्षित) |
| वेतनमान | – | 4750–7440+1300 ग्रे.पे.<br>छ.ग.वे.पु.नि. 2017 वेतन मेट्रिक्स लेवल–1 (15600–49400) |
| शैक्षणिक योग्यता | – | आठवीं उत्तीर्ण |

**नियम व शर्तें :–**

1. उपरोक्त भर्ती छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) सेवा चतुर्थ श्रेणी सेवा भर्ती नियम, 2011 के अंतर्गत तथा माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668 / 2022 के आदेशों के अध्यधीन होगी।
2. आयु सीमा :–
   1. आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम न हो एवं 35 वर्ष से अधिक न हो।
   2. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अन्य वर्गो के उम्मीदवार जिन्हे उच्चतम आयु सीमा में छूट की पात्रता है, उन्हे नियमानुसार आयु सीमा में छूट प्रदान की जावेगी।
   3. किसी भी उम्मीदवार को किसी भी आधार पर या एक से अधिक आधार पर छूट का लाभ दिये जाने के उपरान्त भी अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
3. आवेदन करने हेतु आवश्यक निर्देश :–
   1 आवेदन पत्र विज्ञापन में दर्शाये प्रारूप अनुसार ए–4 साइज पेपर में किया जावे। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से बिना कांट–छांट के साफ–साफ अक्षरों में भरा होना चाहिए, आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य है। शैक्षणिक योग्यता एवं समस्त दस्तावेज राजपत्रित अधिकारी / स्वप्रमाणित कर संलग्न किया जाना अनिवार्य है। अपूर्ण रूप से भरे गये या बिना सहपत्रों के आवेदन पत्र स्वयमेव निरस्त माना जावेगा।
   2 सभी प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र पर सक्षम अधिकारी द्वारा दिये हुए होने चाहिए।
   3 लिफाफे के ऊपर पदनाम, विज्ञापन क्रमांक एवं दिनांक अनिवार्यतः लिखा जावे।
   4 आवेदन पत्र में असत्य जानकारी देने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा साथ ही नियमानुसार आवेदक के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
   5 आवेदन प्राप्ति की तिथि को रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक होना अनिवार्य है।

4. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है, इसके लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
5. समस्त आवश्यक सहपत्रों सहित पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से **कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी बलौदाबाजार, प्रथम तल कक्ष क्रमांक–90, संयुक्त जिला कार्यालय में दिनांक 31.05.2023 को सायं 5.00 बजे तक** प्राप्त हो जाने चाहिए। डाक अथवा किन्ही कारण से होने वाले विलंब के लिए जिला कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। व्यक्तिगत रूप से सीधे तथा अंतिम तिथि व समय के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे एवं वे स्वतः ही निरस्त समझे जावेंगे।
6. उपरोक्त पद पर चयन न्यूनतम मापदण्ड की पूर्ति के उपरान्त मेरिट के आधार पर किया जावेगा।
7. उपरोक्तानुसार निर्धारित चयन प्रक्रिया में एक पद हेतु एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में उन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर आपसी वरीयता दी जावेगी तथा अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को नियुक्ति दी जावेगी।
8. दावा आपत्ति हेतु अभ्यार्थियों को एक निश्चित समय दिया जायेगा। आवेदन में त्रुटियों की स्थिति में जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा दावा–आपत्तियों का निराकरण करने के पश्चात् पात्र एवं अपात्र अभ्यार्थियों की सूची जारी की जावेगी। दावा आपत्ति हेतु निर्धारित समय के पश्चात् किसी भी दावा–आपत्ति को स्वीकार/मान्य नही किया जायेगा।
9. भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार के विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा एवं भर्ती हेतु गठित जिला चयन समिति, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा को होगा, जो सर्वमान्य होगा। समय–समय पर जारी सभी सूचनाऍं कार्यालय के सूचना पटल पर एवं जिला बलौदाबाजार के वेबसाईट www.balodabazar.gov.in पर देखी जा सकती है।

(डॉ. एल. एस. ध्रुव)
जिला आयुर्वेद अधिकारी
बलौदाबाजार (छ.ग.)

पृ.क्रमांक/स्था./सी.भ./2023/535-39 बलौदाबाजार, दिनांक 16/05/2023

प्रतिलिपि– सूचनार्थ, पालनार्थ एवं क्रियार्थ।

1. संचालक, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छ.ग.।
2. कलेक्टर, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)।
3. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, NIC बलौदाबाजार को सूचनार्थ एवं एक प्रति जिले की वेबसाईट www.balodabazar.gov.in में अपलोड करने हेतु।
4. उप संचालक, जिला जनसम्पर्क विभाग बलौदाबाजार को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु एक प्रति।

जिला आयुर्वेद अधिकारी
बलौदाबाजार (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

राजपत्रित अधिकारी/स्व. प्रमाणित रंगीन पासपोर्ट साईज नवीनतम फोटो चस्पा करें।

विज्ञापन क्रमांक ................................................ दिनांक ..........................................

प्रति,

जिला आयुर्वेद अधिकारी
बलौदाबाजार (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम ........................................................................................................

2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में)..................................................................................

   (अंग्रेजी केपिटल लेटर्स में ) ........................................................................................

3. पिता/पति का नाम ..........................................................................................................

4. (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में) ..............................................................

   ..........................................................................................................................................

   (ब) स्थायी पता ..................................................................................................................

   ..........................................................................................................................................

5. जन्मतिथि अंको में .......................................शब्दों में ................................................

   दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में आयु – वर्ष ............... माह ............... दिन ..................

6. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है? – हां/नहीं

7. रोजगार कार्यालय का नाम – ...........................................................................................

   जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक – ...............................................................................

8. संवर्ग (✓ करें) – अनारक्षित ............ अ.ज.जा. ............. अ.जा. ............ अ.पि.व. ................

9. लिंग (✓ करें) पुरूष .............. महिला .................

10. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित उच्चतम आयु सीमा में छूट चाहता है? हां/नहीं

    यदि हां तो किस आधार पर ..........................................................................................

    (उक्त हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

11. शैक्षणिक योग्यता :—

| शैक्षणिक योग्यता | वि.वि. / बोर्ड / संस्था का नाम / अन्य | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | उत्तीर्ण होने का वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12. संलग्न प्रमाण पत्र की सूची

1.................................................. 2. .................................................. 3..................................................

4.................................................. 5.................................................. 6..................................................

7................................................ 8.................................................. 9..................................................

स्थान : ........................................ आवेदक के हस्ताक्षर

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सहीं है एवं आवेदित पद के लिये मैं निर्धारित योग्यता रखता / रखती हूँ, मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत, असत्य या अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद के लिये मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है, इस संबंध में मुझे कोई नोटिस दिये बिना मेरी सेवाएं समाप्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही भी की जा सकती है।

स्थान : ........................................ आवेदक के हस्ताक्षर